प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 अप्रैल को वाराणसी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तयारियां तेज़ : नारी शक्ति महोत्सव में शामिल होने के साथ कई विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण ।
2. यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे 9 सौ आठ ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का करेगा संचालन : 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक 18 हजार से अधिक फेरे लगाएंगी ये रेलगाड़ियां।
3. फार्मर रजिस्ट्री के बिना भी सरकारी क्रय केंद्रों पर किसान बेच सकेंगे गेंहू : प्रदेश सरकार ने जारी किया आदेश।

और

4. प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी : प्रयागराज, वाराणसी समेत कई जनपदों में पारा पहुंचा 43 डिग्री के पार, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में लू चलने की जताई आशंका ।

———————

वाराणसी में 28 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री काशी दौरे पर बरेका परिसर में नारी

शक्ति महोत्सव आयोजन में शामिल होंगे। साथ ही कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री जी दोपहर बाद 28 अप्रैल को काशी में आएंगे और हजारों करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। साथ ही साथ हमारे काशी की लगभग 50 हज़ार से ज्यादा हमारी बहनें इकट्ठा होकर के माननीय प्रधानमंत्री जी का स्वागत अभिनंदन करेंगी। मातृशक्ति के लिए आत्मनिर्भर, स्वावलंबन और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक क्षेत्रों में सहभागिता का जो माननीय प्रधानमंत्री जी लगातार प्रयास कर रहे हैं, उनके स्वागत के लिए हमारी मातृशक्ति उपस्थित होकर के संवाद के माध्यम से स्वागत अभिनंदन करेंगी।*

29 अप्रैल को प्रधानमंत्री हरदोई में प्रस्तावित कार्यक्रम में गंगा एक्सप्रेस—वे का लोकार्पण करेंगे। इस एक्सप्रेस—वे की कुल लंबाई 594 किलोमीटर है। मेरठ से शुरू होकर प्रयागराज तक जाने वाला यह एक्सप्रेस—वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वी हिस्से से जोड़ने का काम करेगा।

————————

उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन कल मेरठ में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सुरक्षा और ट्रैफिक प्लान समेत तैयारियों का अंतिम रूप दे रहा है। समारोह के दौरान लगभग 3700 विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी और सांसद अरुण गोविल भी उपस्थित रहेंगे।

—————————

प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधान मंडल का विशेष सत्र बुलाया है। इस विशेष सत्र में महिला आरक्षण को लेकर चर्चा की जाएगी। कल कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। सरकार ने यह प्रस्ताव राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के पास भेज दिया है। राज्यपाल की सहमति मिलने के बाद सरकार इस सत्र में महिला आरक्षण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 अप्रैल को गोरखपुर में ईको पार्क और बाघा गाड़ा तक जाने वाली फोर लेन सड़क का लोकार्पण करेंगे। 41 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत वाली यह परियोजना 40 एकड़ भूमि को कूड़ा मुक्त कराने के बाद विकसित की गई है। मुख्यमंत्री इस अवसर पर स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। यह अभियान, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत सिटी लीडरशिप का विशेष कार्यक्रम है। स्वच्छ स्कूल अभियान के जरिये विद्यार्थियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल, मासिक धर्म स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूक किया जाएगा।

—————————

भारतीय रेलवे यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिये विशेष ट्रेनें

संचालित करेगा। रेल मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक की अवधि के लिए कुल 9 सौ आठ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाडियों को मंजूरी दी गई है, जो बढ़ी हुई यात्रा मांग को पूरा करने के लिए 18 हजार 262 फेरे संचालित करेंगी।

——————————

प्रदेश के किसान अब बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी अपने गेहूं को सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से पूरे प्रदेश के सभी जिलों में लागू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को इस आदेश का तुरंत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसान पहले की तरह सुगमता से अपनी उपज बेच सकें। गेहूं की खरीद का मौजूदा सत्र मार्च के अंत से मध्य जून 2026 तक चल रहा ह। इससे पहले ऑनलाइन पोर्टल या यूपी किसान मित्र ऐप के माध्यम से पंजीकरण अनिवार्य था, जिससे कुछ किसानों को परेशानी हो रही थी। अब इस बाधा को हटा दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेच सकें।

——————————

केंद्र सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद पूरे देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति स्थिर है और वितरकों में किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं मिली है। नई दिल्ली में आयोजित एक

अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार प्रभावी प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड का उपयोग 92 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और वाणिज्यिक आपूर्ति भी 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जो राज्य पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा दे रहे हैं उन्हें अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर दिए जा रहे हैं।

बाइट.....

*ऐसे States जो पीएनजी Network Expansion में Support कर रहे हैं उनको 10% Additional Commercial एलपीजी का Allocation हो रहा है। मार्च के महीने से अब तक लगभग 4,93,000 नए पीएनजी Connection Gasify किए गए हैं और 5,51,000 नए Consumer भी Register हुए हैं।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारो का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने कहा कि प्रशासनिक चूक या बुनियादी ढांचे की कमी के कारण एक्सप्रेस–वे खतरे का गलियारा नहीं बनना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतोय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को राजमार्गों पर सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।

————————

प्रदेश सरकार और ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच हुए एमओय् के तहत ऑस्ट्रेलिया से विश्वविद्यालय का एक प्रतिनिधिमंडल वाराणसी पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी में सीएम मॉडल स्कूल का भ्रमण किया और शिक्षा व्यवस्था का जमीनी स्तर पर अवलोकन किया। इसके साथ जनपद के चयनित शिक्षकों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 25 शिक्षकों ने भाग लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले वर्ष हुए एमओयू के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए संयुक्त प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अंतरराष्ट्रीय सहयोग से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। बाइट.....

*तीन सदस्यीय दल मोनाश यूनिवर्सिटी से हमारे जनपद में आया जो कुछ बेसिक शिक्षा के स्कूलों का भ्रमण करके वहां पर ground level, grass root level पर जो बच्चों का learning है, outcome है और उससे उन्होंने जानने का और सीखने का प्रयास किया और उनके ऐसा काम आ सके जिससे वो आगे के हमारे teachers के लिए कोई ऐसा program बना सके। collaboration से एक skill teachers का develop करने के लिए प्रयास कर सकें।*

———————

**पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका ईको–टूरिज्म प्वाइंट में भारत–नेपाल जैव विविधता संरक्षण को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नेपाल के बर्दिया नेशनल पार्क से आए 19 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व में संचालित संरक्षण कार्यों और प्रबंधन प्रणाली को समझा ।**

———————

**प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 44 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रयागराज सबसे गर्म जनपद रहा। वहीं वाराणसी में तापमान 44 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुल्तानपुर ,बांदा समेत 6 जनपदों मे पारा 43 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। पेश है एक रिपोर्ट....**

*भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने बिजली की बढ़ती मांग के अनुरूप लगभग 34,00 मेगावाट बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के*

*निर्देश दिए हैं। इसके लिए सभी थर्मल पावर प्लांट को पूरी क्षमता से संचालित करने की व्यवस्था की गई है। साथ ही हीट स्ट्रोक से प्रभावितों के लिए अस्पतालों में विशेष व्यवस्था की गई है। प्रदेश भर के प्राणि उद्यानों में भी हीट–वेव एक्शनप्लान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी के चलते चित्रकूट और फर्रुखाबाद में जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाएं सुबह साढ़े सात से साढ़े 12 तक संचालित करने का आदेश दिया है। वहीं अंबेडकरनगर में आठवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक संचालित करने का आदेश दिया है। मौसम विभाग ने आगामी 3 दिनों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

(समाप्त)